हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 24 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

12 सिसाय के ग्रामीणों ने जलघर पर जड़ा ताला



12 आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू



## खबर संक्षेप

### गुरु नानकदेव स्कूल में लगाया दंत जांच कैंप

**हिसार।** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने मॉडल टाउन स्थित गुरू नानक देव गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरूकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ. मुदिता और अभिषेक पांडे ने अपनी चिकित्सा सेवाएं दी। इस दौरान करीब 200 बच्चों की एआई डेंटल रोबोट मशीन के माध्यम से मौखिक जांच की गई। प्रिंसिपल अनीशा सहगल ने डेंटल चिकित्सा टीम की सराहना की।

### महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी आयोजित

**हिसार।** महिला काव्य मंच द्वारा ऑनलाइन मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी में महिला काव्य मंच की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। गोष्ठी की अध्यक्षता एवं मंच संचालन हिसार इकाई की अध्यक्ष पूनम मनचंदा ने किया। मां शारदे की वंदना के उपरांत कवयित्री जिया सोनी ने अपनी रचना 'समय की महिमा है जीवन में अति निराली, दे समय साथ जिसका उसकी है हर मंज़िल पर प्रसन्नता में बजती ही है ताली' सुनाकर सबकी वाहवाही पाई।

### खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने के की दी सलाह

**हांसी।** सदर थाना प्रबंधक इंस्पेक्टर रमेश कुमार ने शुक्रवार को गांव उमरा के खेल स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया। खेल स्टेडियम में मौजूद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रमेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा नशे के बढ़ते मामलों के विरुद्ध मुहिम चलाई गई हैं और हम सभी चाहते है कि हमारा राज्य हरियाणा नशे से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि नशा समाज को खोखला कर रहा है। हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे।

### बोनस प्वाइंट डबल करने के चक्कर में गंवाए 1.47 लाख

**हांसी।** अज्ञात फोन नंबर से फोन पर बोनस प्वाइंट डबल करवाने के चक्कर में एक युवक को साइबर ठगों ने 1.47 लाख रुपये की चपत लगा दी। ठगी के शिकार युवक ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी है। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राखी खास निवासी अनिल कुमार बताया कि वह गांव में रहकर खेती बाडी का कार्य करता हूं। अनिल ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर 2 अप्रैल को अज्ञात फोन नंबर से फोन आया। फोन करने वाले शख्स ने अपने आपको बैंक कर्मी बताते हुए कहा कि आपके क्रैडिट कार्ड के काफी बोनस प्वाइंट बने हुए हैं और अगर आप मेरे द्वारा बताये गये लिंक पर क्लिक करोगे तो आपके बोनस प्वाइंट डबल हो जायेगे।

## सूचना आयुक्त को लिखो, इन लोगों की किसी विभाग में आरटीआई या शिकायत स्वीकार न हो : मंत्री

# सीएम विंडो व आरटीआई के नाम पर कर रहे ब्लैकमेल, 2 हजार से ज्यादा शिकायतें

### कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक में दिए आदेश, बैठक में 14 में से 11 परिवादों का मौके पर किया समाधान



हिसार। जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक की अध्यक्षता कर नागरिकों की समस्या सुनते कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने 14 में से 11 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया। शेष 3 शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लंबित रखते हुए उन्होंने समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री पंवार के सामने बैठक में एक आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा दी शिकायत को लेकर जबरदस्त हंगामा हुआ। शिकायतकर्ता बैठक में उपस्थित नहीं था। इस पर भाजपा नेता प्रवीण जैन ने आरोप लगाया कि कुछ लोग आरटीआई के नाम पर ब्लैकमेल कर रहे हैं। सेटलमेंट होने पर बिना कार्रवाई ही अपनी शिकायत वापस ले लेते हैं। जैन द्वारा अवगत करवाया गया कि सरकार ने समाधान शिविर, सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर, सीएम विंडो जैसे प्लेटफार्म आमजन की शिकायतों के लिए उपलब्ध करवाए थे, लेकिन कुछ आरटीआई कार्यकर्ता इनकी आड़ में अवैध कार्य कर रहे हैं। दो आरटीआई कार्यकर्ता तो ऐसे हैं, जो निरंतर ऐसे कार्य कर रहे हैं। इस मामले में मेयर प्रवीण पोपली ने भी अवगत करवाया कि बड़ी संख्या में आरटीआई व सीएम विंडो लगाई जा रही है। एक आरटीआई कार्यकर्ता ने तो एक ही समय में लगभग 600 तथा दूसरे ने विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से 2000 के लगभग शिकायतें कर रखी हैं। इस दौरान सिंचाई विभाग के एसई विमल कुमार ने भी अपनी पीड़ा मंत्री पंवार के सामने रखते हुए बताया कि बालसमंद का एक व्यक्ति ने 2000 आरटीआई लगाई हुई है।

#### मंत्री ने दिए एफआईआर के निर्देश

गांव बधावड़ निवासी इंद्रो देवी द्वारा बताया गया कि उसके पति के देहांत के उपरांत हरियाणा सरकार की योजना के तहत पांच लाख रुपये मिले थे, जिसे बैंक ने ट्रैक्टर लोन मामले में किस्त काटे जाने की बात कही, जबकि यह ट्रैक्टर जालसाजी व धोखाधड़ी से निकलवाया गया था। इस मामले में मंत्री ने जांच करते हुए एफआईआर दर्ज करने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए, साथ ही अगली बैठक में संबंधित बैंक के प्रतिनिधि को भी बुलाने के निर्देश दिए गए।

**यह रहे उपस्थित:** इस अवसर पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार, आदमपुर विधायक चंद्र प्रकाश, नारनौंद विधायक जस्सी पेटवाड़, उपायुक्त अनीश यादव, हांसी पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन, नगर निगम आयुक्त नीरज सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, महापौर प्रवीण पोपली, जिला परिषद चेयरमैन सोनू सिहाग डाटा, हिसार जिलाध्यक्ष आशा खेदड़, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नारनौंद के एसडीएम मोहित महराणा आदि उपस्थित थे।

#### क्रेडिट लेने के चक्कर में भाजपा व कांग्रेस विधायक भिड़े

गांव न्योली खुर्द के निवासी ओमप्रकाश द्वारा सेक्टर 14 के समीप से लेकर विभिन्न गांवों से होकर जाने वाली ड्रेन की गाद व अन्य सामग्री से भरे होने की बात कही। इस पर मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सिंचाई विभाग व वन विभाग को मशीन लगाकर ड्रेन की सफाई करने के निर्देश दिए। इस बीच आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश शिकायतकर्ता से बोले मैं साथ चलूंगा मौका भी देखूंगा। न्योली कलां मेरा ही गांव है। इस पर नलवा विधायक रणधीर पनिहार बोले मेरे हलके के लोगों को मैं ही संभालूंगा। मैं जल्द ही समस्या का समाधान करा दूंगा। चंद्रप्रकाश को तो गांवों का भी नहीं पता है। विधायक चंद्रप्रकाश बोले बतौर अधिकारी मैंने बहुत काम कराए हैं। अब बतौर विधायक काम कराऊंगा। मंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि आप दोनों विधायक मिलकर काम करा देना।

#### हांसी एसपी को दिए जांच के निर्देश

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की मासिक बैठक में ज्ञान चन्द गोयल की अवैध कॉलोनी के नक्शे आदि पर नगर योजनाकार कार्यालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने की शिकायत पर कैबिनेट मंत्री ने हांसी पुलिस अधीक्षक को स्वयं जांच करने के निर्देश दिए। इस मसले पर नलवा से विधायक रणधीर पनिहार ने कहा कि जमीनों व प्लाटों से संबंधित मामलों में पुलिस को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि किसी भी व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी न हो सके।

#### राशन डिपो संचालकों से वसूली का उठा मामला

अनूप निवासी गांव खेड़ा रांगड़ान तहसील बास की कोटे का राशन संबंधी शिकायत पर एसडीएम नारनौंद को एक हफ्ते में जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस मामले में जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि संबंधित की राशन सप्लाई को बंद कर दिया गया है। इसी क्षेत्र में राशन डिपो संचालकों से वसूली संबंधी शिकायत पर जांच हांसी पुलिस अधीक्षक को दी गई।



हिसार। बार उप प्रधान विकास पूनिया को सम्मानित करते खाप पदाधिकारी।

# हिसार बार ऐसो. के उप प्रधान को किया सम्मानित

- पूनिया खाप ने किया 'पूनिया रत्न' से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिला बार एसोसिएशन में पूनिया खाप की और से एक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें खाप द्वारा जिला बार एसोसिएशन हिसार के उप प्रधान विकास पूनिया को 'पूनिया रत्न' देकर एवं पगड़ी पहना सम्मानित किया गया। इस मौके पर खाप के प्रधान शमशेर नंबरदार, उप प्रधान नूनिया राम, संरक्षक महिपाल आर्य, कोषाध्यक्ष प्रताप पूनिया, प्रदेश महासचिव रविन्द्र मंगाली, जिला प्रधान एवं जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान दिलदार पूनिया, कमेटी सदस्य बलवान पूनिया आदि ने शामिल होकर कार्यक्रम की मेजबानी की। खाप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हांसी बार के प्रधान पवन रापड़िया एवं हिसार बार के कोषाध्यक्ष सुनील सहदेव सहित अधिवक्ता जयदीप पूनिया पूर्व उप प्रधान, अधिवक्ता संजीव पूनिया, वज़ीर पूनिया, नवीन पूनिया, महेंद्र पूनिया, अमित पूनिया आदि को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर हिसार बार के उप प्रधान विकास पूनिया ने बताया कि खाप द्वारा दिए गए मान सम्मान का वे आजीवन आभारी रहेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता कलम सिंह, ईश्वर पूनियां, अनेन्द्र लोरा, अमित सैनी, डीपी भांभू, कमल गुप्ता, रोहताश रेपसवाल, विक्रम मित्तल, उमेद गोदारा, जीएल बल्हारा, कुलदीप पंवार व विनोद कस्वां आदि मौजूद थे।

### नौकरी लगवाने के नाम पर 6.39 लाख की धोखाधड़ी

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने फौज में नौकरी लगवाने के नाम पर 6,39, 700 रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान भिवानी जिले के तिगड़ाना व हाल बैंक कालोनी भिवानी निवासी आनंद फौजी के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार पकड़े गए आरोपी ने हांसी के गांव प्रेम नगर निवासी संदीप को फौज में नौकरी लगवाने के नाम पर 6,39,700 रुपये लिए थे। लेकिन लंबे समय तक जब वह संदीप को फौज में भर्ती नहीं करवा पाया संदीप ने उससे रुपये वापस किए जाने की बात कही तो वह आनाकानी करने लगा।

# गुजवि के दो छात्रों को मिला अच्छी कंपनी में प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। कंपनी के अधिकारियों को सम्मानित करते विश्वविद्यालय के अधिकारी।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से एसबी कॉन्स्टेंटिया फ्लेक्सिबल्स, मुंबई के ऑन-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग के दो विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला है। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने शुक्रवार को उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। प्लेसमेंट निदेशक डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि प्लेसमेंट प्रक्रिया में बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के 41 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें प्री-प्लेसमेंट टॉक और एचआर साक्षात्कार शामिल रहे। उन्होंने इस ड्राइव के संचालन के लिए कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग की अध्यक्षा डॉ. वंदना व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. बिजेंद्र कौशिक का विद्यार्थियों के मार्गदर्शन व उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए भी आभार व्यक्त किया। सहायक निदेशक प्लेसमेंट डॉ. आदित्य वीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थी बीटेक प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी के शक्ति व सुजीत हैं। प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन बीटेक प्रिंटिंग के विद्यार्थी यश ने कुशलतापूर्वक किया।

# मकान से लाखों के आभूषण व नकदी चोरी

- मकान के पीछे की दीवार के नीचे की ईटे निकालकर सुरंग बनाई और दिया वारदात को अंजाम
- सीसीटीवी में कैद हुए चार नकाबपोश आरोपी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭बरवाला





बरवाला। ढाणी प्रेम नगर में अज्ञात चोरो द्वारा लक्ष्मण के मकान की दीवार की नीचे की ईटे निकालकर बनाई गई सुरंग व चोरी की घटना के बाद बिखरा सामान।

बीती रात्रि ढाणी प्रेम नगर में अज्ञात चोरों ने एक व्यक्ति के मकान के पीछे की दीवार के नीचे की ईटे निकालकर सुरंग बना ली। अज्ञात चोर इस सुरंग के रास्ते से मकान के अंदर घुसकर लाखो रुपये के सोने के आभूषणों व नकदी की चोरी करके फरार हो गए। पुलिस ने सूचना पाते ही मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने ढाणी प्रेम नगर निवासी लक्ष्मण की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के साथ मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। ढाणी प्रेम नगर निवासी लक्ष्मण ने बताया कि बृहस्पतिवार रात्रि को वो अपने परिवार समेत घर के आंगन में सो रहे थे तो अज्ञात चोरों ने इसी का फायदा उठाते हुए पीछे की ओर से मकान की दीवार की खिड़की के नीचे से ईंटें निकाल कर सुंरग बना ली। सुरंग के रास्ते से अज्ञात चोर मकान के अंदर घुसकर अलमारी में से दो तोले के सोने के आभूषण और 42 हजार रुपये की नकदी की चोरी करके खेतों की ओर से फरार हो गए। प्रातः 5 बजे उठे तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और दीवार नीचे से टूटी हुई पड़ी थी तो चोरी होने का पता चला। पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो इस सीसीटीवी फुटेज में चार नकाबपोश युवकों द्वारा चोरी की इस घटना को रात्रि लगभग साढ़े 12 बजे व 1 बजे के बीच अंजाम देते हुए दिखाया गया है।

#### पुलिस से लगाई गुहार

ढाणी प्रेम नगर निवासी लक्ष्मण ने पुलिस प्रशासन से चोरी की इस घटना का यथाशीघ्र सुराग लगाकर चोरीशुदा सोने के आभूषण व नकदी बरामद करवाए जाने की मांग की है।

# नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान का शुभारंभ

- परिवार की उन्नति और राष्ट्र के विकास के लिए नशा मुक्त समाज जरूरी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद



नारनौंद। एसडीएम मोहित महराणा नशा पीड़ितों के घर जाकर नशा छोड़ने की अपील करते हुए।

नारनौंद उपमंडल को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य को लेकर एसडीएम मोहित महराणा ने मोठ करनैल और मोठ रागड़ान गांव से मेगा जनजागरण अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और नशा पीड़ितों से नशा त्यागने की अपील की गई। एसडीएम मोहित मेहराना ने कहा कि उपमंडल क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने पुलिस और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वे विशेष रणनीति बनाकर ठोस कार्रवाई करें और नशा तस्करों पर सख्त कार्यवाही करें। पूरे क्षेत्र में दिन और रात की गश्त बढ़ाने के भी आदेश दिए गए हैं।

# पुलिस का पटाखे की आवाज निकालने वाली बुलेट के खिलाफ अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पटाखा बजाने वाली बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने पिछले दो महीनों में पटाखा बजाने वाली 73 बुलेट मोटरसाइकिलों का चालान कर चार लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही पुलिस ने सात ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों के भी चालान किए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने ये चालान पिछले दो महीने में किए है। पुलिस यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने इस अवधि में 73 पटाखा वाली बुलेट मोटरसाइकिलों के चालान काटे है। ये वो बुलेट मोटरसाइकिल है जिनमें मॉडिफाइड साइलेंसर लगे हुए थे, जिनसे पटाखे जैसी तेज आवाज निकलती है। मोटरसाइकिल चालकों पर चार लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

## भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

# राहुल की ज्योति के साथ फोटो को लेकर रोष

- हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने एसपी से मिलकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत देने जाते हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल एवं अन्य अधिवक्ता।

जासूसी के आरोप में रिमांड पर चल रही ज्योति मल्होत्रा की झूठी फोटो नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी की फोटो के साथ वायरल करने पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने रोष जताया है। इस संदर्भ में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने हिसार के पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करके झूठी फोटो वायरल करने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

एडवोकेट खोवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अजय आलोक, भाजपा झारखंड कार्यसमिति के सदस्य आलोक कुमार तिवारी, मानेसर निवासी धर्मेंद्र मानेसर, अभि अठावले, अरुण यादव, विवेक पांडे व अन्य के खिलाफ मेल करके तथा लिखित में भी शिकायत की है। खोवाल ने शिकायत के साथ भाजपा नेताओं द्वारा प्रसारित की गई झूठी तस्वीरें एवं राहुल गांधी की असली तस्वीरों की प्रति भी सौंपी है। एसपी को शिकायत करते समय एडवोकेट खोवाल के साथ, रतन पान्नू जिलाध्यक्ष लीगल डिपार्टमेंट, विकास पूनिया, प्रदेश सचिव पवन तुंदवाल, एडवोकेट हिमांशु आर्य खोवाल, शबनम, मीना तिजारिया गौरव शर्मा, जितेश बजाज, कुसुम प्रजापति, हर्ष सिवाच एवं काफी संख्या में एडवोकेट भी मौजूद रहे।

लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के बढ़ते कदम से घबराकर भाजपा ने राहुल गांधी की दो पुरानी तस्वीरों में डिजिटल हेरफेर करके उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया है।

# १२ वीं कक्षा तक स्कूलों का समय घटाने की मांग

- हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीसी के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते अध्यापक संघ पदाधिकारी।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए 12वीं कक्षा तक स्कूलों का समय घटाने की मांग को लेकर जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। अध्यापक संघ के जिला सचिव विनोद प्रभाकर ने बताया कि जिला में पांचवीं कक्षा तक के स्कूलों का समय घटाकर 07 से 12 बजे तक किया गया है। इसके कारण बच्चों के भाई -बहनों के समय में अंतर आने से आने जाने में समस्या उत्पन्न हो गई है। दूसरा सार्वजनिक परिवहन न होने के कारण पहुंच में भी समस्या खड़ी हो गई। उन्होंने बताया कि सभी पड़ौसी जिलों में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के स्कूलों का समय सुबह 07 बजे से 12:00 तक किया गया है। प्रचंड गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिला में स्कूलों का 12वीं कक्षा तक का समय घटाया जाए।

प्रतिनिधि मंडल में राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राज्य ऑडिटर पवन कुमार, जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा, जिला सचिव विनोद प्रभाकर, जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुमन, जिला वित्त सचिव विजेंद्र अग्रवाल, ब्लॉक प्रधान नरेंद्र, जितेंद्र, जिला सह सचिव भूपेंद्र सिंह व जिला के उप प्रधान वीरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।


घरेलू मक्खी से करीब 30 बीमारियां हो सकती है।


घोड़ा अपने वजन से पांच गुना अधिक बोझ खींच सकता है।

# लड़कियां आईटीआई में कर सकती हैं कुछ स्पेशल कोर्स



नालेज

यंगभूमि डेस्क

लड़का हो चाहे लड़की, पढ़ाई में अब भेदभाव नहीं रहा है। आज के समय में हर कोई व्यक्ति अपने बच्चों को साक्ष्य बनाना चाहता है यानी कि बच्चों को अच्छा पढ़ाना चाहता है। लड़कियों के लिए विशेष तौर पर कई प्रकार के अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा मौजूद होते हैं। लड़का और लड़की समान रूप से शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लड़कियां कुछ ऐसे कोर्स कंप्लीट करके अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। करियर बनाने के लिए आईटीआई कोर्स लड़कों और लड़कियों के लिए उचित अवसर माना जाता है आईटीआई कोर्स में लड़कियों के लिए कुछ स्पेशल कोर्स जैसे हेयर डिजाइनिंग कोर्स इत्यादि मौजूद होते हैं।

## लड़कों से कम नहीं लड़कियां

आज के समय में ऐसा माना जाता है कि लड़कियां लड़कों से कम नहीं है ऐसे में लड़कियों के लिए भी अलग से आईटीआई कोर्स उपलब्ध करवाए गए हालांकि इन कोर्सों को लड़के भी कर सकते हैं। लेकिन विशेष तौर से इन कोर्स को लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें से लड़कियां किसी भी एक और को चुनकर अपने करियर को सकते हैं और अपने फ्यूचर में खुद को काबिल बना सकते हैं।

### हेयर एंड स्किन केयर का कोर्स

हेयर एंड स्किन केयर का आईटीआई कोर्स जो विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है इस कोर्स के नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स में लड़कियों की रुचि सबसे ज्यादा होती है। आईटीआई के इस कोर्स के माध्यम से सुंदरता और देखभाल संबंधित महत्वपूर्ण चीजें सिखाई जाती है। मुख्य तौर पर लड़कियां इस प्रकार के कोर्स को करने में अपनी अधिक रुचि दिखाती है और लड़कियों के लिए ही विशेष तौर से यह कोष उपलब्ध करवाया गया है। इस कोर्स को करने के पश्चात लड़कियां ब्यूटी पार्लर में नौकरी कर सकती है और खुद का ब्यूटी पार्लर भी खोल सकते हैं और अपने करियर को एक जगह पर स्टेबल करने में उन्हें मदद मिलती है।

## कढ़ाई एवं सिलाई

लड़कियों के लिए दूसरा सबसे बेहतरीन आईटीआई कोर्स कटाई व सिलाई आईटीआई कोर्स है। इस कोर्स के अंतर्गत सिलाई के विशेष प्रकार के कार्य लड़कियों को सिखाए जाते हैं और साथ ही साथ कढ़ाई के काम भी सिखाए जाते हैं। आज के समय में कटाई और सिलाई की लोकप्रियता तथा डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में यह आईटीआई कोर्स करके आप किसी भी बड़ी सिलाई या कढ़ाई की फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटिंग का काम कर सकते हैं या फिर अपना खुद का सिलाई व कढ़ाई का काम शुरू कर सकते हैं।

### स्टाइल और फैशन के कोर्स

आईटीआई के बहुत सारे कोर्स है। जिसमें स्टाइल और फैशन के कोर्स भी मौजूद है। आईटीआई के फैशन डिजाइनिंग का कोर्स विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध होता है। इसको उसको करने के पश्चात लड़कियां फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपने भविष्य को आगे बढ़ा सकती है। फैशन डिजाइनिंग का आईटीआई कोर्स करने के पश्चात लड़कियां खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने के साथ-साथ कई तरह से फैशन डिजाइनर के तौर पर भी नौकरी हासिल कर सकती है। फैशन डिजाइनिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात हर लड़की का भविष्य सिक्योर माना जाता है। क्योंकि आज के समय में फैशन डिजाइनर की डिमांड बहुत ही अधिक है।

## ये कोर्स करियर बनाने में सहायक

### स्टेनोग्राफर

आईटीआई में सबसे लोकप्रिय कोर्स स्टेनोग्राफर का कोर्स माना जाता है। इस स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स करने के पश्चात सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी उपलब्ध होने के चांस बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात किसी भी पद पर नौकरी हासिल करने के चांस बढ़ जाते हैं। सरकारी विभाग में कई स्टेनोग्राफर के पद पर भर्ती निकाली जाती है। ऐसे में आप यदि आईटीआई कोर्स कर चुके हैं। तो आपको प्रायोरिटी के साथ स्टेनोग्राफर पद पर शामिल होने का मौका मिलेगा स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स है। जिसे लड़के व लड़कियां दोनों करते हैं। लेकिन लड़कियों के लिए यह एक बेहतरीन सुनहरा अवसर माना जाता है। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात आप अपने टाइपिंग स्पीड को बढ़ा सकते हैं और कंप्यूटर टाइपिंग स्पीड अच्छी होने पर हर जगह आप की डिमांड बढ़ जाएगी आज के समय में पूरी दुनिया कंप्यूटर पर ही आधारित है और हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड अच्छी है। तो आपको सरकारी जॉब के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी जॉब के अच्छे अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे।

### इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग

आईटीआई का एक कोर्स जिसे मुख्य तौर पर लड़कियां अधिकतर चयन करती है। इस कोर्स के माध्यम से इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग के बारे में विशेष ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलता है। लड़कियां इंटीरियर डिजाइन और इंटीरियर डेकोरेशन का काम कर अपने भविष्य के लिए रोजगार के कई सारे अवसर उपलब्ध खुद ही करवा सकते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर दिन प्रतिदिन डिमांड बढ़ती जा रही है और हर जगह बिजनेस हो या घर आंतरिक सजावट और डिजाइनिंग के लिए इंटीरियर डिजाइनर को बुलाया जाता है। ऐसे में यदि आपके पास इंटीरियर डेकोरेशन की कला है और आपने आईटीआई कोर्स कर रखा है। तो आपके लिए जॉब के बेहतरीन अवसर आपके सामने उपलब्ध होंगे।

### हाउसकीपिंग

घर की देखभाल करने के लिए लड़कियां ऐसे भी माहिर होती है। लेकिन यदि हाउसकीपिंग जैसे आईटीआई कोर्स से लड़कियां ज्ञान अर्जित कर लेती है। तो उसके पश्चात घर की देखभाल में उन्हें और भी अधिक सहूलियत हो जाती है। सीधी भाषा में इसका मतलब यह हुआ कि घर की देखभाल करने के लिए जो आईटीआई कोर्स मौजूद है उसे हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स कहा जाता है। आईटीआई कोर्स के माध्यम से लड़कियां भविष्य में प्राइवेट सेक्टर में तो नौकरी हासिल कर सकती है। हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात आपको कहीं भी हाउस कीपर के तौर पर नौकरी मिल जाती है और इसकी सैलरी भी अच्छी मिलती है।

---

नवयुवकों के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प बनकर उभरा

# तकनीक के क्षेत्र में रुचि है तो बनें एथिकल हैकर इंटरनेट को सुरक्षित बनाने में निभाएं अहम भूमिका


डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर

## डिजिटल सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता



यदि आप तकनीक के क्षेत्र में रुचि रखते हैं और इंटरनेट की दुनिया को सुरक्षित बनाने की चाह रखते हैं, तो एथिकल हैकर बनना एक उत्कृष्ट करियर विकल्प हो सकता है। एथिकल हैकिंग वह विधा है, जिसमें आप कम्प्यूटर प्रणाली की कमजोरियों को खोजकर उन्हें सुरक्षित करने का कार्य करते हैं। यह पेशा आधुनिक युग में बेहद आवश्यक होता जा रहा है, क्योंकि डिजिटल सुरक्षा अब किसी भी देश, संस्था या व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। एथिकल हैकर को 'वाइट हैट हैकर' भी कहा जाता है, जो संगठनों की अनुमति से उनकी वेबसाइट, नेटवर्क और सॉफ़्टवेयर में संभावित खामियों को खोजता है। उनका उद्देश्य इन खामियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि उन्हें ठीक कराना होता है, ताकि कोई दुर्भावनापूर्ण हैकर (ब्लैक हैकर) इनका फ़ायदा न उठा सके। वे परीक्षण के माध्यम से साइबर प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।






### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में बी.टेक/एम.टेक
3. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
   पाठ्यक्रम: साइबर सिस्टम और नेटवर्किंग
4. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)
   पाठ्यक्रम: सूचना सुरक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

#### निजी संस्थान

1. वेबसेक लैब्स, बेंगलुरु
   पाठ्यक्रम: एथिकल हैकिंग और पेनिट्रेशन टेस्टिंग
2. अपग्रेड (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म)
   पाठ्यक्रम: साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कार्यक्रम
3. एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   पाठ्यक्रम: बी.टेक इन साइबर लॉ एंड सिक्योरिटी
4. एरेना मल्टीमीडिया
   पाठ्यक्रम: नेटवर्क सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में डिप्लोमा

#### वेतन प्रारंभिक स्तर

25,000 – 60,000 प्रति माह
वार्षिक: 3,00,000 – 7,20,000
मध्यम अनुभव (3–5 वर्ष):
80,000 – 1,50,000 प्रति माह
वार्षिक: 9,60,000 – 18,00,000

#### वरिष्ठ स्तर

20 लाख – 40 लाख प्रति वर्ष
1,66,667 – 3,33,333 प्रति माह (लगभग)

#### स्वतंत्र सलाहकार

प्रति प्रोजेक्ट: 50,000 – 5,00,000
-यदि 12 प्रोजेक्ट साल में करें तो 6,00,000 – 60,00,000 वार्षिक (अनुमानित)

#### आवश्यक कौशल

- एक एथिकल हैकर को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि तेज विश्लेषणात्मक सोच भी होनी चाहिए।
- उन्हें नेटवर्क सुरक्षा, एनक्रिप्शन, वायरस डिटेक्शन जैसे पहलुओं की गहरी समझ होनी चाहिए। संवाद
- कौशल और नैतिक जिम्मेदारी इस क्षेत्र में विशेष महत्त्व रखते हैं। उन्हें यह भी जानना होता है कि एक
- हमलावर कैसे सोच सकता है। तभी वे सिस्टम को उस स्तर पर सुरक्षित कर पाते हैं। लगातार अपडेट
- रहना और नई तकनीकों को सीखना इस पेशे में जरूरी है।

नेटवर्क सुरक्षा और फ़ायरवॉल की समझ
पेनिट्रेशन टेस्टिंग तकनीकें
मैलवेयर विश्लेषण और वायरस डिटेक्शन
प्रणाली और डेटा एनक्रिप्शन
रिपोर्ट लेखन और जोखिम मूल्यांकन

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

-**बैंकिंग और वित्तीय संस्थाएं** : ग्राहकों की जानकारी की सुरक्षा
-**सरकारी एजेंसियां** : राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सूचना संरचना की रक्षा
-**आईटी कंपनियां** : सॉफ़्टवेयर और ऐप की सुरक्षा जांच
-**ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म** : ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की निगरानी
-**स्वास्थ्य सेवाएं** : रोगियों के डिजिटल रिकॉर्ड की रक्षा
-**शैक्षणिक संस्थान** : छात्र डेटा और पोर्टल सुरक्षा

### शिक्षा और योग्यता

एथिकल हैकिंग में करियर बनाने के लिए तकनीकी पृष्ठभूमि बहुत ज़रूरी होती है। इसमें कंप्यूटर नेटवर्क, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्रोग्रामिंग की समझ होना आवश्यक है। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों की पढ़ाई भी आवश्यक है। छात्र बी.टेक, एम.टेक या डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। बहु-विषयक समझ और व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

**-कंप्यूटर नेटवर्क और ऑपरेटिंग सिस्टम**
**- साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग**
**- क्रिप्टोग्राफी और सूचना सुरक्षा**
**- प्रोग्रामिंग भाषाएँ (जैसे: पायथन, सी, जावा)**
**- डेटा संरचना और एल्गोरिदम**

### रोज़गार के अवसर

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ)
- भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीईआरटी-इन)
- बैंकों और बीमा कंपनियाँ
- आईटी कंपनियाँ – टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो
- विदेशी फर्म – गूगल इंडिया, अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट
- स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग प्रोजेक्ट्स

### वेतन और संभावनाएं

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

### करियर सलाहकार से लें सलाह

एथिकल हैकिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता, बल्कि ईमानदारी और ज़िम्मेदारी की भी मांग करता है। यदि आप डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने की दिशा में योगदान देना चाहते हैं, तो यह करियर न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि बेहद सम्मानजनक भी हो सकता है। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# धैर्य और संयम अनमोल गुण, ये शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में करते मदद



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

युद्ध के मैदान में सैनिकों को अक्सर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जहां धैर्य और संयम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। लंबी प्रतीक्षा, संसाधनों की कमी, अनिश्चितता, और कठिन मौसम जैसी चुनौतियां सैनिकों से धैर्यपूर्ण और संयमित रहने की मांग करती हैं। इसी तरह, छात्रों के जीवन में भी धैर्य और संयम अनमोल गुण हैं, जो उन्हें शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करते हैं। पढ़ाई के दौरान जटिल विषयों को समझने, लंबे समय तक लगातार मेहनत करने, या परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर हार न मानने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। युद्ध की ऐतिहासिक कहानियां, जैसे प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध, हमें सिखाती हैं कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर विनाशकारी साबित होते हैं, जबकि संयम के साथ सही समय पर उठाए गए कदम जीत की ओर ले जाते हैं।

## धैर्यपूर्वक अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल

उदाहरण के लिए, सन त्जु की पुस्तक 'द आर्ट ऑफ वॉर' में बताया गया है कि धैर्यपूर्वक सही अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल आधार है। छात्रों को भी इस सिद्धांत को अपनाना चाहिए। जब वे किसी कठिन अध्याय को समझने में समय लेते हैं या असफलता के बाद दोबारा प्रयास करते हैं, तो धैर्य उन्हें निराशा से बचाता है और आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसके अलावा, संयमित व्यवहार उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों में शांत रहने और सोच-समझकर निर्णय लेने की क्षमता देता है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई छात्र परीक्षा की तैयारी में पिछड़ रहा है, तो संयम के साथ समय प्रबंधन और लगातार छोटे-छोटे प्रयास उसे सफलता की ओर ले जा सकते हैं। युद्ध के सबक हमें यह भी सिखाते हैं कि धैर्य और संयम न केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, बल्कि दूसरों के साथ बेहतर संबंध बनाने में भी सहायक हैं। स्कूल में सहपाठियों के साथ छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने या शिक्षकों की सलाह को ध्यान से सुनने में संयम का उपयोग करना छात्रों को एक जिम्मेदार और परिपक्व व्यक्तित्व प्रदान करता है। इस प्रकार, धैर्य और संयम को अपनाकर छात्र न केवल अपनी शैक्षिक यात्रा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन की हर चुनौती को आत्मविश्वास और शांति के साथ पार कर सकते हैं। युद्ध से मिला यह सबक हमें याद दिलाता है कि कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखना और संयमित दृष्टिकोण अपनाना ही सच्ची जीत का मार्ग है।

## योजना बनाना जरूरी

**रणनीति और नियोजन की कला** : युद्ध में सफलता के लिए सटीक रणनीति और नियोजन जरूरी है। प्राचीन ग्रंथ 'द आर्ट ऑफ वॉर' में सन त्जु ने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले उसकी योजना बनानी चाहिए।

**धैर्य और संयम** : युद्ध में सैनिकों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना पड़ता है। यह गुण छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा की तैयारी, असफलता या मुश्किल समय में धैर्य और संयम से काम लेना उन्हें मजबूत बनाता है।

**साहस और दृढ़ता** : युद्ध में सैनिक असंभव लगने वाली परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते। छात्रों को भी अपने जीवन में साहस दिखाना चाहिए। चाहे वह नई चीजें सीखना हो, असफलता से उबरना हो या चुनौतियों का सामना करना हो, दृढ़ता और साहस उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**टीमवर्क और नेतृत्व** : युद्ध में कोई भी सेना अकेले नहीं लड़ती; यह सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। छात्रों को भी समूह में काम करने का महत्व समझना चाहिए। स्कूल प्रोजेक्ट्स, खेल या अन्य गतिविधियों में एकजुट होकर काम करने से न केवल सफलता मिलती है, बल्कि नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। युद्ध के उदाहरणों से सीखें कि एक अच्छा नेता कैसे अपनी टीम को प्रेरित करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** गोबर पर उगने वाले कवक कहलाते हैं
(ए) साक्सीकोलस
(बी) टेरीकोल्स
(सी) कोर्टीकोल्स
(डी) कोप्रोफिलस

**2.** निम्न में से किसमें क्लोरोफिल नहीं होता है ?
(ए) शैवाल
(बी) ब्रायोफाईटस
(सी) टैरोडोफाईटस
(डी) कवक

**3.** आलू का लेट ब्लाईट उत्पन्न होता है -
(ए) एल्बयूगो कैंडीडा द्वारा
(बी) फ्यूजेरियम मोनिलीफार्म द्वारा
(सी) फाइटोप्थोरा इन्फेस्टेंस द्वारा
(डी) आल्टनेरिया सोलेनाई द्वारा

**4.** डबल रोटी के निर्माण में काम आने वाला कवक है -
(ए) राईजोफस स्टोलनिफर
(बी) जाइगो सैकरोमाइसीज
(सी) सैकरोमाईसीज सेरेवीसी
(डी) सैकरोमाईकोडिस

**5.** पेनीसीलीयम क्या है ?
(ए) विषाणु
(बी) शैवाल
(सी) कवक
(डी) जीवाणु

**6.** पेनिसिलिन की खोज किसने की थी ?
(ए) चार्ल्स गुडईयर
(बी) माइकल फैराडे
(सी) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(डी) विलियम हार्वे

**7.** अर्गोट (**Ergot**) प्राप्त होता है।
(ए) राईजोबियम से
(बी) क्लेवीसेप्स से
(सी) फाइटोमोनौस से
(डी) एलब्युगो से

**8.** औद्योगिक स्तर पर पेनिसिलिन प्राप्त किससे किया जाता है ?
(ए) पेनिसिलियम एक्सपेन्स्म से
(बी) पेनिसीलियम क्राईसोजेनम से
(सी) पेनीसीलीयम नोटेटम से
(डी) पेनीसीलियम क्लेवीफॉर्म से

**9.** यीस्ट में कायिक जनन होता है -
(ए) मुकुलन द्वारा
(बी) एकाईनिटस द्वारा
(सी) एप्लाजोस्पोर्स द्वारा
(डी) एस्कोस्पोर्स द्वारा

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप



### पेयजल समस्या को लेकर धरना 27 को

**उकलाना।** बिठमडा गांव में किसान मजदूर और महिलाओं की संयुक्त मीटिंग ईश्वर सिंह एडवोकेट व धनपति शर्मा की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि बिठमड़ा, सूरेवाला गांव की पिछली सरकार में 8 करोड़ की लागत से भाखड़ा नहर से पीने के पानी के लिए बिछाई जाने वाली पाइप लाइन में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए 27 मई को बरवाला एसडीएम कार्यालय पर धरना दिया जाएगा।



### डंपिंग स्टेशन में आग से 10 लाख की मशीन जली

**बरवाला।** नगरपालिका की ओर से गुराना रोड पर स्थापित डंपिंग स्टेशन में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग से लगभग 10 लाख से ज्यादा की मशीन जलकर खाक हो गई। घटना के कारण शहर के कूड़ा निस्तारण का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे कूड़े के ढेर लगने की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

मिली जानकारी के अनुसार बरवाला में गुराना रोड पर स्थित इस डंपिंग स्टेशन पर पूरे शहर का कचरा एकत्र किया जाता है, जिसे मॉडर्न मशीनों के माध्यम से निस्तारित किया जाता है। यह मशीन प्रतिदिन लगभग 25 टन कचरे का निपटारा करती थी।

### राजकीय कॉलेज में दाखिला प्रक्रिया शुरू

**हिसार।** बालसमंद गांव स्थित चौधरी भजनलाल राजकीय कॉलेज में शैक्षणिक सत्र के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। कॉलेज में बीए की 180 सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर पंकज सोलंकी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत एडमिशन होंगे। स्टूडेंट्स के लिए हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, भूगोल, गणित और कंप्यूटर साइंस विषयों का विकल्प उपलब्ध है।

### हार्डवेयर की दुकान में लगी भीषण आग

**हिसार।** गांव गंगवा में आर्य नगर रोड स्थित एक हार्डवेयर की दुकान में भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गयी। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के लोगों द्वारा अपने स्तर पर आग बुझाने के सभी प्रयास विफल हो गए। सूचना मिलने पर दमकल टीम तुरंत मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने में टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रथम दृष्टया जांच में दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी। आग में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के मालिक पवन एवं सुनील कुमार ने बताया कि गांव गंगवा में आर्यनगर रोड पर उनकी हार्डवेयर एवं खराद की दुकान है।

---

### कालेजों में एडमिशन के लिए शिक्षा विभाग ने जारी किया शेड्यूल

# नारनौंद के तीन कालेजों में किए जाएंगे 1060 सीटों पर दाखिले

दाखिले की प्रक्रिया 19 मई से शुरू हो चुकी हैं जो कि नो जून तक चलेगी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद**

12वीं कक्षा का परिणाम आने के बाद अब उच्चतर शिक्षा विभाग ने नए सत्र में स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। पहले चरण में शिक्षा विभाग ने कालेजों से सब्जेक्ट कांबिनेशन, सीटों की संख्या, कोर्स, फीस व एडमिशन नोडल अधिकारी की पोर्टल पर अपडेट मांगी है। दाखिले की प्रक्रिया 19 मई से शुरू हो चुकी हैं जो कि नो जून तक चलेगी। कॉलेज में दाखिला लेने के लिए छात्रों ने ऑनलाइन फॉर्म भरने शुरू कर दिए हैं।

इस बार पहली मेरिट लिस्ट 19 जून को जारी की जाएगी। आवेदक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। नारनौंद क्षेत्र के तीन कालेज जिनमें नारनौंद, खेड़ी चोपटा , उगालन जिसमें 1060 सीटों पर दाखिला होगा।



नारनौंद : राजकीय महाविद्यालय नारनौंद की इमारत। फोटो : हरिभूमि

#### ऑनलाइन होंगे दाखिले : प्रिंसिपल

राजकीय महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर पंकज ने बताया कि विभाग द्वारा इस बार भी दाखिले आनलाइन होंगे। छात्रों को वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करना होगा और दस्तावेजों की अपलोडिंग के बाद कालेज चयन करना होगा। जो छात्र दाखिला लेना चाहते हैं वह ऑनलाइन फॉर्म भर दें। ताकि उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। कॉलेज में छात्रों को बस पास और पासपोर्ट बनाने की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाती है।

#### रजिस्ट्रेशन के लिए जरूरी डाक्यूमेंट

पासपोर्ट साइज फोटो की स्कैन प्रतिलिपि, विद्यार्थी के हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रतिलिपि, दसवीं की मार्कशीट,12वीं की मार्कशीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अलावा अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए जरूरी, चरित्र प्रमाण पत्र, एनसीसी, एनएसएस, खेल प्रमाण पत्र, डोमिसाइल, ईडब्ल्यूएस या एससी, बीसी छात्रवृत्ति के लाभ का दावा करने के लिए आय प्रमाण पत्र, आरक्षित श्रेणी प्रमाण पत्र व गैप इयर होने पर एफिडेविट आदि शामिल है।

#### 19 जून को जारी होगी पहली मेरिट लिस्ट

19 मई से 9 जून तक आवेदक आनलाइन एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे।
: 14 मई से 17 मई तक कालेजों को प्रोफाइल डिटेल जैसे एडमिशन नोडल अधिकारी, कालेज बैंक डिटेल, कोर्स, सब्जेक्ट कांबिनेशन, सीट और फीस का ब्यौरा पोर्टल पर अपलोड करना होगा।
9 जून से 11 जून तक कालेज में आनलाइन डाक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया चलेगी।
:15 जून तक विद्यार्थी आब्जेक्शन दूर कर सकते हैं। 19 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी और 23 जून तक चलेगी। इस दौरान ही पहली मेरिट लिस्ट की फीस 20 जुलाई से 23 जून आनलाइन तक करवानी होगी।
26 जून को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी और 27 से 29 जून तक फीस जमा करवा सकते हैं।
पहली व दूसरी लिस्ट से बचे हुए बच्चों 1 जुलाई से 3 जुलाई तकउसके बाद 100 रुपये प्रतिदिन चार्ज लगना शुरू
2 जुलाई से एडमिशन के लिए फिर से आनलाइन पोर्टल खोला जाएगा।

**राजकीय महाविद्यालय नारनौंद**
बीए – 320
बीकॉम – 80
बीएससी लाइफ साइंस– 80
बीएससी फिजिकल साइंस -80
बीएससी कंप्यूटर साइंस -20

**राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा**
बीए – 160
बीकॉम -80

**राजकीय महाविद्यालय उगालन**
बीए -240

फोटो 23 एचएसआर 21

---


हिसार : सेल्फ डिफेंस कैंप में ट्रेनिंग लेती छात्राएं।

## सैनिक स्कूल खारा-खेड़ी में सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

■ शिक्षा के साथ सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग भी जरूरी : डॉ ज्योत्स्ना

सैनिक स्कूल, खारा-खेड़ी में सैनिक छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट एवं इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास कोच ने बच्चों को ट्रेनिंग दी। इस मौके पर चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह ने कहा कि स्वयं रक्षा का विचार किसी भी समाज के लिए महत्वपूर्ण है।

सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग आत्मविश्वास को बढ़ाती है। इस ट्रेनिंग के बाद बच्चे अपनी रक्षा खुद करने में सक्षम हो जाते हैं। किसी भी ऐसी परिस्थिति से निपटने में वे सक्षम हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान बच्चों को चेस्ट डैमेज, बैकबोन डैमेजेस, लिगामेंट डैमेज, ब्रेन अटैक, गर्दन पर वार करना आदि की तकनीकें सीखें। कैंप में मुख्य अथिति के तौर पर डॉ ज्योत्स्ना, निदेशक उपस्थित रही।

कैंप में मुख्य रूप से सैनिक स्कूल कमांडेंट रिटायर्ड कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा, सेल्फ डिफेंस स्टोर्ट्स सोसायटी हिसार की शादिका अरोड़ा, सेल्फ डिफेंस स्पोर्ट्स सोसाइटी बॉय विंग के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, समाज सेविका निर्मला दहिया आदि भी उपस्थित रहे।

---

## हॉस्टल कार्यप्रणाली को और अधिक सुचारू करने के लिए सौंपे कार्यभार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हॉस्टल कार्यप्रणाली को और अधिक सुचारू करने के लिए तीन शिक्षकों को डिप्टी चीफ वार्डन व वार्डन के अतिरिक्त कार्यभार सौंपे गए हैं। कैमिस्ट्री विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. तेजपाल सिंह चुंडावत को डिप्टी चीफ वार्डन व वार्डन ब्वाएज हॉस्टल-1 का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया। इनवायर्नमेंटल साइंस एंड इंजीनियरिंग के एसिसटेंट प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार रंगा को ब्वाएज हॉस्टल-3 के वार्डन तथा फूड टेक्नोलॉजी विभाग के एसिसटेंट प्रोफेसर डॉ. उसमान अली को ब्वाएज हॉस्टल-4 के वार्डन का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। इन सभी अधिकारियों ने छात्रावासों में पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर प्रो. राकेश बहमनी, डा. सोमदत्त, डा. मनोज यादव, डा. सरदूल सिंह, डा. बिजेन्द्र कौशिक, डा. रविन्द्र मेहरा, मनोज कुमार, राकेश चन्द्र, राम प्रसाद और सोनू मेहरा आदि उपस्थित रहे।


हिसार : नवनियुक्त डिप्टी चीफ वार्डन व वार्डंस का स्वागत करते चीफ वार्डन प्रो. ओमप्रकाश सांगवान। फोटो : हरिभूमि

### लुवास की टीम ने अयोध्या में जीते पुरस्कार

**हिसार।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा हाल ही में 22वीं अखिल भारतीय कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) ने शानदार प्रदर्शन किया है। लुवास की टीम ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लुवास विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों में अमन कलकल, विनय चाहल, अमन नैन, लजीत बेनीवाल शामिल रहे। कुलपति डॉ. नरेश जिंदल के साथ खिलाडी टीम की शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने पदक विजेताओं खिलाडियों के साथ-साथ दल में शामिल सभी खिलाड़ियों एवं खेल अधिकारी को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपस्थित छात्र कल्याण निदेशक डॉ. सज्जन सिहाग ने भी इस शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी।

स्कूल का परीक्षा परिणाम 100% रहा

## अमर ज्योति स्कूल में मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी**

अमर ज्योति स्कूल मेहन्दा में दसवीं व बारहवीं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी विष्णु शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं संदीप सांपला, रविन्द्र अत्री, मास्टर सुनहरा, लैक्चरार प्रवीण, संदीप गोयल व मास्टर कमल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। स्कूल संचालक दिनेश शर्मा ने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि स्कूल के 25 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिट प्राप्त की इनमें से 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया। स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा रवीना ने 96.8 प्रतिशत, शीतल ने 96.6 व दीपांशु ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मुख्य अतिथि विष्णु शर्मा ने बच्चों की इस उपलब्धि के लिए बच्चों व शिक्षकों की बहुत सराहना की।


हांसी : मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि विष्णु शर्मा व अन्य

---


हांसी : शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मस्ती करते आरपीएस स्कूल के बच्चे

### आरपीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया किंगलैंड वॉटर पार्क का भ्रमण

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल हांसी द्वारा शुक्रवार को पहली से पांचवी कक्षा के बच्चों के लिए एक मनोरंजक व शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों में किंगलैंड वॉटर पार्क मदीना भ्रमण के लिए उत्साह दिखाई दिया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का आनंद लिया व संगीत की धुनों के बीच पूल में नहाकर खूब मौज-मस्ती की। किंगलैंड वॉटर पार्क की टीम द्वारा बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन व जल-पान की भी व्यवस्था की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य अनुपम गोयल ने बच्चों के लिए शैक्षणिक भ्रमण के साथ-साथ मनोरंजक गतिविधियों को भी अनिवार्य बताया ताकि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ अन्य मनोरंजक गतिविधियों का लुफ्त उठा सकें व व्यवहारिक ज्ञान भी प्राप्त कर सकें।

## बालमंसद में निजी अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग का छापा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

सीएम फ्लाइंग की टीम ने बालसमंद गांव स्थित जांगड़ा अस्पताल पर छापा मारा। गांव में एकाएक छापे की सूचना से हड़कंप मंच गया। बताया जा रहा है कि कई वर्षों से चल रहे इस अस्पताल में दो डॉक्टर बैठते हैं। सीएम फ्लाइंग की टीम ने शुक्रवार को एक शिकायत के आधार पर बालसमंद गांव के इस निजी अस्पताल पर छापा मारा। जांच के दौरान पता चला कि अस्पताल में बेड मेडिकल सहित अन्य सुविधाएं मरीजों के लिए उपलब्ध है। सीएम फ्लाइंग टीम को गुप्त सूचना मिली कि अस्पताल फर्जी तरीके से चलाया जा रहा है। सीएम फ्लाइंग टीम ने लगभग चार घंटे से ज्यादा रूक कर यहां जांच पड़ताल की। जिस समय टीम ने छापा मारा तो डॉक्टर मौके पर नहीं मिला। बाद में उसे मौके पर बुलाकर टीम ने जांच शुरू की और डॉक्टर के बयान दर्ज किए। टीम ने अस्पताल पंजीकरण से लेकर पढ़ाई के सभी कागजात डिग्री जांचे।

जांच के दौरान अस्पताल में मरीजों का आना-जाना जारी रहा वहीं तीन मरीज भर्ती भी मिले। अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग के छापे की सूचना के साथ ही क्षेत्र के करीब 10 मेडिकल संचालक अपने मेडिकल बंद कर फरार हो गए। जांच टीम में सिविल अस्पताल से डॉक्टर नवीन, ड्रग कंट्रोलर ऑफिसर डॉक्टर अजय बिश्नोई, असिस्टेंट रजनीश, और सीएम फ्लाइंग टीम से सुनैना और सुरेंद्र शामिल रहे।



हिसार : अस्पताल में जांच करते सीएम फ्लाइंग टीम।


हिसार : छात्र कुणाल को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह एवं अन्य।

### दयानंद कॉलेज की एनसीसी एयर विंग के कैडेट को मिला बेस्ट कैडेट अवार्ड

**हिसार।** दयानंद कॉलेज की एनसीसी एयर विंग के कैडेट कुणाल कौशिक को बेस्ट कैडेट पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें ग्रुप कमाण्डर एचएस बर्न एवं ग्रुप कैप्टन (कमांडिंग ऑफिसर) एस. श्रीनिवास ने उनकी ग्रुप लेवल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासित स्वभाव और एनसीसी के मूल्यों के प्रति समर्पण के लिए दिया। इस ग्रुप में हरियाणा के कई जिलों के आर्मी, नेवी व एयर विंग के कैडेट्स ने कई गतिविधियों में भाग लिया, जिनमें कॉलेज के कैडेट कुणाल कौशिक ने उत्तम प्रदर्शन कर यह सम्मान हासिल किया। इस उपलब्धि पर दयानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कैडेट कुणाल व एनसीसी अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार को बधाई दी। एनसीसी अधिकारी डॉ. आदित्य कुमार ने कैडेट कुणाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुणाल सदैव ही हर गतिविधि में अग्रिम रहा है। उसने ड्रिल, शूटिंग में अव्वल स्थान प्राप्त कर व गणतंत्र दिवस पर दिल्ली, राजपथ पर होने वाली एनसीसी परेड़ में भाग लेकर पहले भी महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

---

### नगर निगम हाउस की मीटिंग में कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

# शहर के पार्कों का किया जाएगा सौंदर्यकरण

*पार्षदों की सहमति से समिति को दिए जाएंगे*

- सौंदर्यकरण के बाद रखरखाव के लिए ये पार्क समिति को सौंपे जाएंगे लेकिन इसमें संबंधित क्षेत्र के पार्षद की सहमति जरूरी होगी
- बैठक में तय किया गया कि पार्क उन्हीं समितियों को दिए जाएंगे, जो उस क्षेत्र के लोगों की हों

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार**

नगर निगम के अधीन आने वाले पार्कों का सौंदर्यकरण करवाया जाएगा। इससे पहले मेयर प्रवीण पोपली संबंधित पार्षदों व अधिकारियों के साथ दौरा करके इन पार्कों का जायजा लेंगे। सौंदर्यकरण के बाद रखरखाव के लिए ये पार्क समिति को सौंपे जाएंगे लेकिन इसमें संबंधित क्षेत्र के पार्षद की सहमति जरूरी होगी। यह निर्णय नगर निगम सभागार में दूसरे दिन चली बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली ने की जबकि संचालन निगम आयुक्त नीरज ने किया।

बैठक में तय किया गया कि पार्क उन्हीं समितियों को दिए जाएंगे, जो उस क्षेत्र के लोगों की हो। बैठक में एक पार्षद ने सवाल उठाया था कि पार्क लेने वाली समिति के पदाधिकारी रहते तो कहीं और है और पार्क किसी क्षेत्र का ले लेते हैं।

पार्षद ने कहा कि यह बहुत बड़ा घालमेल है। इस पर मेयर व आयुक्त ने कहा कि संबंधित क्षेत्र के पार्षद की सहमति से ही समिति को पार्क दिए जाएंगे। निगम अधिकारियों ने कहा कि ग्रीनरी मेनटेन करना समिति का काम होगा। सिविल वर्क नगर निगम के अधिकारी कराएंगे। पार्षदों ने कहा कि पार्क समितियों के बिल पार्षदों की सहमति पर पास होने चाहिए। बैठक में शहर के पार्कों बारे मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि शहर के सभी पार्कों के जिम झूले जो टूट चुके हैं, उन्हें ठीक किया जाएगा। इसके अलावा जो भी पार्कों का सिविल वर्क है, वे सब दुरूस्त किए जाएंगे। बैठक में वार्ड 12 के पार्षद जगमोहन मित्तल ने कहा कि तोशाम रोड मॉडल टाउन एरिया की ग्रीन बेल्ट पर कब्जे हैं। इस पर आयुक्त ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले उस एरिया की निशानदेही की जाए। पार्षद भीम महाजन ने भुटानी कॉलोनी में पार्क की जमीन पर कब्जे का मामला उठाया। निगम कमिश्नर ने कहा कि उस स्थान पर पार्क बनाया जाएगा। इसे नए एस्टीमेट में लिया गया है। बैठक में मामला उठा कि सेक्टर 27-28 में नहर के साथ पार्क की जगह है। वहां इंडस्ट्री वाले कचरा डालते हैं और दिन भर आग लगाकर कूड़ा जलाते रहते हैं। निगम आयुक्त ने कहा कि यहां मेंटेनेंस का काम कौन सा विभाग कर रहा है, इसे चेक कराएंगे, अगर निगम का एरिया है तो वहां पार्क विकसित किया जाएगा। बैठक के बीच अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पुरानी सब्जी मंडी डी-नोटिफाई हो चुकी है। अब वहां कोई पुरानी मंडी नहीं है। अब उसका मालिकाना हक डीसी हैं। नगर निगम उस स्थान का केवल सेकेंडरी कचरा प्वाइंट बनाया गया है।


**हिसार।** नगर निगम हाउस की बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली।

#### कॉमन कार्य हर वार्ड में होंगे : मेयर

बैठक में मेयर ने पार्षदों द्वारा उठाई जा रही वार्डों की मांगों व समस्याओं पर स्पष्ट किया कि जो कॉमन कार्य हैं, वो हर वार्ड में समान रूप से करवाए जाएंगे। इसके अलावा यदि किसी पार्षद ने अपने क्षेत्र की अन्य मांगे व समस्याएं उठाई है तो उन पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।

---

### शहीद भगत सिंह कुश्ती अकेडमी के खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन

**नारनौंद।** गांव मिर्चपुर की शहीद भगत सिंह कुश्ती अकेडमी के कोच अजय ढांडा और जयभगवान लाठर ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 मई को लखनऊ में ट्रायल हुई थी। इसमें अकेडमी के 97 किलोग्राम भारवर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती में विक्की हुडडा का चयन हुआ। सीनियर किंग सीरीज 29 मई से एक जून तक मंगोलिया में आयोजित की जाएगी। 22 मई को लखनऊ में अंदर 23 आयुवर्ग में एशिया चैंपियनशिप के लिए ट्रायल हुई। इसमें 79 किलोग्राम भार वर्ग में चंद्र मोहन का चयन हुआ है। यह चैंपियनशिप 18 जून से 26 जून तक वियतनाम में आयोजित की जाएगी। हाल ही में बिहार के पटना में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अकेडमी के दो पहलवानों ने 80 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती में यश ने गोल्ड मेडल और मोनी पहलवान ने ब्रोंज मेडल जीतकर देश का मान बढ़ाया।


नारनौंद : कोच अजय ढांडा के साथ अकेडमी के पहलवान विक्की हुडडा व अन्य।

**सूचना**

मैं, सुनील सिंधू पुत्र श्री सुरेश निवासी खाण्डा खेड़ी तहसील बास, जिला हिसार बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम सुनील कुमार से बदलकर सुनील सिंधू कर लिया है। मैं अब सभी कार्यों में अपने हस्ताक्षर व दस्तावेजों में सुनील सिंधू नाम का उपयोग करूंगा।

## खबर संक्षेप

### जलघर से आ रहे दूषित पानी से ग्रामीण परेशान

**नारनौंद।** गांव बास के जलघर से हो रही दूषित पेयजल सप्लाई से परेशान दर्जनों महिलाओं ने जलघर पर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। राजेश जांगड़ा, आशा शर्मा, मुकेश, सुमन बाला ने बताया कि बस स्टेंड के पास स्थित अनाज मंडी जलघर से बास खुर्द, बास बादशाहपुर और बास आजमशाहपुर गांवों में पानी की सप्लाई होती है। जलघर से 10 दिन में केवल एक बार पानी आता है। यह पानी पीने और घरेलू इस्तेमाल के लिए खराब है।

### स्कूली विद्यार्थियों ने लिया पानी बचाने का संकल्प

**हिसार।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं डब्ल्यूएसएसओ के संयुक्त तत्वावधान में जल संरक्षण को लेकर स्कूली बच्चों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से खंड हांसी प्रथम के गांव जगाबाड़ा और खंड बरवाला के ढाणी मीरदाद में स्कूली रैलियां आयोजित की गईं। गांव जगाबाड़ा में आयोजित रैली के दौरान बीआरसी ललिता कुमारी और बीआरसी रामरती ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### नशे के प्रति श्रमिकों को किया जागरूक

**हिसार।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत न्यू ऋषि नगर क्षेत्र में श्रमिक वर्ग को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया। सुकून काउंसलर एवं मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा ने नशे से जुड़ी समस्याओं और समाधान के बारे में श्रमिकों को विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। उन्होंने श्रमिकों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में भी बताया।

### योग दिवस को लेकर आयुष विभाग की बैठक

**हिसार।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के भव्य और सफल आयोजन को लेकर जिला आयुष विभाग हिसार की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. धर्मपाल पूनिया के दिशा-निर्देशन में 50 बिस्तरीय आयुष अस्पताल मय्यड़ में आयोजित की गई। जिला योग विशेषज्ञा पूजा ने बताया कि बैठक में हिसार की विभिन्न योग संस्थाओं को आमंत्रित किया गया था।

### गांव गगन खेड़ी के पास हांसी-जींद रोड किया जाम

# सिसाय के ग्रामीणों ने पेयजल के लिए जलघर पर जड़ा ताला

- खारे पेयजल की सप्लाई से ग्रामीण हो रहे हैं बीमार
- सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी



हांसी। सड़क पर जाम लगा रहे ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

उपमंडल के गांव सिसाय कालीरामण में पीने के पानी की किल्लत को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। इसके चलते ग्रामीणों ने पहले सिसाय कालीरामण के वाटर वर्क्स को ताला जड़ कर प्रदर्शन किया और जब प्रदर्शन के बाद जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे तो ग्रामीणों का गुस्सा फुट पड़ा और जींद-हांसी रोड़ पर पहुंच गगन खेड़ी गांव के पास सड़क जाम कर दिया।

ग्रामीणों ने प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सड़क जाम कर रहे ग्रामीणों ने मांग की कि उन्हें तुरंत साफ और पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी की व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

### पुलिस के समझाए जाने पर ही माने ग्रामीण

सड़क मार्ग जाम किए जाने की सूचना मिलते ही शेखपुरा चौकी इंचार्ज एएसआई कुलबीर सिंह पुलिस बल व जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ आशीष कुंडू के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन कर रहे लोगों को बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजीव त्यागी हिसार में हो रही ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में गए हुए हैं। एसडीओ आशीष कुंडू ने जाम लगा रहे ग्रामीणों को जल्द ही पेयजल समस्या का स्थाई समाधान करवाने का आश्वासन दिया। एसडीओ कूंडु ने ग्रामीणों को बताया कि जल्द ही नहर में पानी आने वाला है और नहर में पानी आने के बाद जलघरों में पर्याप्त मात्रा में पानी स्टोर किया जाएगा। ताकि भविष्य में पेयजल आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं आए। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ आशीष कुंडू व पुलिस चौकी इंचार्ज एएसआई कुलदीप सिंह से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने यह कहते हुए जाम खोल दिया कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे दोबारा से सड़क जाम करने से गुरेज नहीं करेंगे।



हांसी। जाम के दौरान सड़क पर लगी वाहनों की लंबी लाइनें। फोटो : हरिभूमि

#### वाहनों की लगी लंबी लाइन

ग्रामीणों द्वारा जींद रोड़ पर करीब आधा घंटे रहे जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइन लग गई। जाम के कारण वाहन चालकों तथा अन्य यात्रियों को गर्मी के चलते काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों द्वारा जाम खोलने के बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया।

#### जलघर में बचा है बहुत पानी

सड़क जाम कर प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि गांव के जलघर में बहुत पानी बचा है, लेकिन विभाग के कर्मचारी जानबूझकर गांव में ट्यूबवेल का खारा पानी सप्लाई कर रहे हैं, और ट्यूबवेल का खारा पानी पीने से गांव के लोग लगातार बीमार पड़ रहे हैं।

# स्काउट गाइड को दिया आत्म सुरक्षा संबंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण

- आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में स्काउट गाइड प्रवेशिका प्रशिक्षण शिविर का समापन



हांसी। प्रशिक्षण शिविर में स्काउट गाइड को प्रशिक्षित करते ट्रेनर रोहित जांगड़ा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में आयोजित तीन दिवसीय हिंदुस्तान स्काउट गाइड प्रवेशिका प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को सम्पन्न हो गया।

शिविर में बच्चों को विभिन्न शारीरिक, सामाजिक एवं आत्म-सुरक्षा संबंधित गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के ट्रेनिंग इंचार्ज रोहित जांगड़ा ने बच्चों को स्काउट-गाइड का इतिहास, ध्वज गीत, प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार की तालियां, देश एवं समाज सेवा की भावना तथा अनुशासन जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी और इसका अभ्यास भी करवाया। हिंदुस्तान स्काउट गाइड का मूल उद्देश्य नर सेवा नारायण सेवा है। प्राचार्य नीतीश मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ है। इस प्रशिक्षण से बच्चों में आत्म-विश्वास, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र सेवा की भावना का विकास होता है। प्राचार्य ने रोहित जांगड़ा का तीन दिवसीय शिविर को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए आभार प्रकट किया।

# अग्रसेन भवन ट्रस्ट ने 11 बुजुर्गों को मुफ्त हवाई सेवा से अयोध्या भेजा

- पिछले सप्ताह इस योजना को शुरू करते हुए सात बुजुर्गों को अयोध्या भेजा गया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रसेन भवन ट्रस्ट की ओर से मुफ्त हवाई सेवा के माध्यम से अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भेजे जाने की कड़ी में शुक्रवार को दूसरी बार 11 बुजुर्गों को भेजा गया। पिछले सप्ताह इस योजना को शुरु करते हुए सात बुजुर्गों को अयोध्या भेजा गया था। ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारिया वाला ने बताया कि सुबह सभी बुजुर्गों के अग्रसेन भवन पहुंचने के बाद उन्हें ससम्मान निजी वाहनों द्वारा झंडी दिखाकर हिसार एयरपोर्ट तक छुड़वाया गया।

उन्होंने बताया कि हिसार से हवाई जहाज द्वारा अयोध्या पहुंचने पर वहां हवाई अड्डे पर अग्रसैन भवन से जुड़े सहयोगियों का दल मिलेगा। सभी बुजुर्गों को वाहन में ले जाकर वहां धर्मशाला में ठहराया जाएगा। खाने-पीने की व्यवस्था व मंदिरों में दर्शन करवाने के बाद तीसरे दिन रविवार को अयोध्या से वापिसी हवाई जहाज में बिठाने का कार्य किया जाएगा। इसी तरह अगले सप्ताह फिर से बुजुर्गों को भेजा जाएगा।

इस अवसर पर रामनिवास कोहलीवाला, एनके गोयल, सुरेन्द्र कुमार सिंगल आदि भी उपस्थित रहे।



हिसार। अयोध्या जाने वाले बुजुर्गों के वाहन को झंडी दिखाते अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला।

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर शुरू

- योग एवं आयुष विभाग के तहत तीन दिवसीय शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में शुक्रवार से तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर योग आयोग, आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य स्कूली छात्रों को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना था।


शिविर का उद्घाटन निदेशक साहिल यादव ने रिबन काट कर किया। इस अवसर पर उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न अंग बताते हुए छात्रों को नियमित योगाभ्यास की प्रेरणा दी। आयुष विभाग से सहायक गजानन शास्त्री एवं अशोक कुमार ने शिविर में मुख्य भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को विभिन्न प्रकार के योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों की जानकारी दी और उनका अभ्यास भी करवाया। प्राचार्य नीतीश मिश्र ने योग के महत्व पर बोलते हुए कहा कि आज के दौर में योग न केवल स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। शिविर के पहले दिन बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।



हांसी। योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते स्कूली बच्चे और विद्यार्थियों को योग करवाते योग शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

### राजकीय महिला महाविद्यालय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय ने आर्यन कंप्यूटर स्किल सेंटर और बीसीई एजुकेशन सोसायटी के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए हैं। इन समझौता ज्ञापनों का मुख्य उद्देश्य स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं को इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने दोनों संस्थाओं से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इन संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी संस्थाएं भविष्य में महाविद्यालय की छात्राओं को बेहतर कोर्स और प्रशिक्षण प्रदान करने में सहयोग करेंगी। इस अवसर पर इंटर्नशिप प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. सतीश सिंगला ने समझौते के नियमों और शर्तों की जानकारी दी। प्रोफेसर सतीश सिंगला और डॉ. हर्षा ने गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की एनईपी—2020 के तहत अनिवार्य इंटर्नशिप के निर्देशों के बारे में बताया।



हिसार। एमओयू के अवसर पर उपस्थित दोनों पक्षों के पदाधिकारी।

# छात्र समीर की कहानी बडिंग आथर्स कार्यक्रम में चयनित

- होली चाइल्ड स्कूल का विद्यार्थी है समीर प्रबंध निदेशक व प्रधानाचार्या ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र समीर ने सीबीएसई द्वारा आयोजित बडिंग आथर्स कार्यक्रम 2024—25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में छात्रों को हिंदी और अंग्रेजी भाषा में अपनी मौलिक कहानियां प्रस्तुत करनी थीं।

विद्यालय के कई छात्रों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, लेकिन समीर की कहानी को विशेष रूप से चयनित किया गया, जो उसकी रचनात्मक सोच, भाषा पर पकड़ और कथानक की गहराई का प्रमाण है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने समीर को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने भी समीर को शुभकामनाएं दी।



हिसार। छात्र समीर प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु एवं प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल के साथ।

### शहीदों के सम्मान में लाडवा में निकाली तिरंगा यात्रा




हिसार। तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा नेता एवं ग्रामीण।

**हिसार।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी आतंकवाद और रक्षा केंद्रों को हमारे सशस्त्र बलों द्वारा पहुंचाई गई अभूतपूर्व क्षति के मद्देनजर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट नेतृत्व के सम्मान में गुरुवार को एक भव्य तिरंगा यात्रा गांव लाडवा में पुरानी चौपाल से लेकर शहीद होशियार सिंह स्मारक स्थल तक निकाली गई। इसमें ग्रामीण व लाडवा खेल नर्सरी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सरपंच रामफल पूनिया, जिला पार्षद जसबीर, वरिष्ठ युवा नेता संजीव गंगवा व जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, मनोज मय्यड़, मनबीर शर्मा, पूर्व क्रिकेटर कुलदीप पूनिया, दयानंद फौजी, रणबीर फौजी, प्रदीप लांबा फौजी, मनोज फौजी, कोच अशोक पूनिया व महावीर पूनिया, सोमबीर शर्मा, जयबीर जाखल आदि मौजूद रहे।

### विवि का दिव्यांग व बीपीएल छात्रों के हित में बड़ा फैसला

# दिव्यांग व बीपीएल छात्रों को मिलेगी फीस में छूट

- कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दिव्यांग व बीपीएल परिवारों के विद्यार्थियों को भी छात्रावासों की फीस व अन्य सुविधाओं की फीस में छूट मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि गुरु जम्भेश्वर जी महाराज के नाम पर स्थापित यह विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन हमेशा प्रयासरत रहता है कि धन की कमी किसी विद्यार्थी की पढ़ाई में बाधा न बने।

इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के छात्रावासों के दिव्यांग व बीपीएल परिवार के विद्यार्थियों को छात्रावास फीस में छूट मिलेगी। पहले इस छूट का फायदा अनुसूचित जाति/वंचित अनुसूचित जाति वर्ग/अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को मिल रहा था। अब विश्वविद्यालय ने इनके साथ-साथ दिव्यांगजनों व बीपीएल परिवारों के विद्यार्थियों को भी छात्रावास फीस में छूट देने का निर्णय लिया है।



प्रो. नरसी राम बिश्नोई, कुलपति।

#### विकलांगता 40 प्रतिशत से अधिक होने पर मिलेगा लाभ

चीफ वार्डन प्रो. ओमप्रकाश सांगवान व प्रो. सुजाता सांघी ने बताया कि यह छूट बीपीएल परिवार के विद्यार्थियों व केवल उन दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलेगी जिनकी विकलांगता 40 प्रतिशत से अधिक है तथा उन्होंने इस प्रकार की किसी सरकारी वित्तीय स्कीम का फायदा नहीं लिया है। उन्होंने बताया कि इससे विश्वविद्यालय के गरीब परिवार के बच्चों व दिव्यांग विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में छात्रावास की सुविधा कम फीस में मिल सकेगी।

